ओरल(मुँह से ली जाने वाली) पार्किंसन-रोधक दवाएं

पार्किंसन का रोग

पार्किंसन रोग तंत्रिका तंत्र का एक बढ़ने वाला विकार है जो आपकी गति को प्रभावित करता है। युवाओं को पार्किंसंस रोग का अनुभव शायद ही कभी होता है। यह सामान्यतः जीवन के मध्यकाल या उत्तरार्द्ध से शुरू होता है और उम्र बढ़ने के साथ जोखिम बढ़ता चला जाता है। यह बीमारी आमतौर पर लोगों में उनके लगभग साठवें दशक या उससे अधिक उम्र के होने पर विकसित होती है। पुरुषों में महिलाओं की अपेक्षा पार्किंसन रोग होने की संभावना डेढ़ गुना ज्यादा होती है।

पार्किंसन रोग के लक्षण हर एक व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं। हालांकि, लक्षण आपके शरीर के एक तरफ से शुरू होते हैं और आम तौर पर गति से संबंधित होते हैं। गति से संबंधित पार्किंसन के जाने माने लक्षणों में कंपकंपी (शरीर के ख़ास हिस्सों का अनैच्छिक रूप से हिलना, आम तौर पर एक अंग से शुरू होता है) जो आराम के समय और भी बुरा होता है, अकड़न (अंगों और जोड़ों की मांसपेशियों की जकड़न जो चाल की सीमा को सीमित करती है) और ब्रैडीकिनेसिया (शारीरिक गति बहुत धीमी हो जाती है)शामिल हैं। गति के अलावा अन्य लक्षणों में अवसाद, दिन में नींद आना, निगलने में परेशानी और बोलने की समस्याएं शामिल हैं।

पार्किंसन रोग मस्तिष्क में कुछ तंत्रिका कोशिकाओं के धीरे-धीरे टूटने और मृत होने के कारण होता है। जो मस्तिष्क में डोपामाइन नामक रसायन की मात्रा में कमी का कारण बनता है। जब डोपामाइन का स्तर कम हो जाता है, यह असामान्य मस्तिष्क क्रिया का कारण बनता है जिससे पार्किंसंस रोग के बहुत से लक्षण शुरू हो जाते हैं।

उपचार

हालांकि पार्किंसन रोग ठीक नहीं हो सकता, लक्षणों को घटाने और एक बेहतर जिंदगी बनाये रखने में मदद के लिए उपचार उपलब्ध हैं। इसमें फिजियोथेरेपी, विशेषज्ञ की थैरेपी और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसे सहायक उपचार, जो रोजाना की दिनचर्या पर नियंत्रण रखने में मदद करते हैं या आपके लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए दवा शामिल है। डॉक्टरों के नेतृत्व में गहन मस्तिष्क उत्तेजना जैसी सर्जिकल प्रक्रियाओं का उपयोग किया जा सकता है।

पार्किंसन-रोधक दवाएं पार्किंसन रोग के लक्षणों का उपचार करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाएं हैं। हांगकांग में अधिकाँश पंजीकृत पार्किंसन-रोधक दवाएं ओरल खुराक के रूपों में उपलब्ध है जैसे कि गोलियाँ, कैप्सूल; जबकि उनमें से कुछ इंजेक्शन के रूप में और ट्रांसडर्मल पैच के रूप में मौजूद हैं।

ओरल पार्किंसन-रोधक दवाएं

डोपामिनर्जिक और कोलीनर्जिक क्रिया के बीच सामान्य संतुलन को पुनःस्थापित करने के प्रयास

में पार्किंसन-रोधक दवाओं में व्यापक रूप से डोपामिनर्जिक्स या एंटीम्यूसरिनिक्स का इस्तेमाल किया जाता है। लक्षणों पर उच्चतम नियंत्रण पाने के लिए विभिन्न क्रियाओं वाली दवाओं की आवश्यकता हो सकती है। दवाओं में शामिल हो सकते हैं:

1. लेवोडोपा: पार्किंसन रोग के लक्षणों पर नियंत्रण पाने के लिए यह सबसे प्रभावी दवा है। यह आपके मस्तिष्क में तंत्रिका कोशिकाओं द्वारा अवशोषित की जाती है और डोपामाइन में बदल जाती है। आमतौर पर लेवोडोपा को परिधीय डोपा-डिकारबॉक्साइलेज अवरोधक जैसे बेंसराज़ाइड या कार्बिडोपा के साथ संयोजित किया जाता है। डोपा-डिकारबॉक्साइलेज अवरोधक नलिका में लेवापोडा के अवरोधन को रोकते हैं, जो डोपामाइन को लेवाडोपा की कम खुराक के साथ मस्तिष्क में प्रभावी सांद्रता प्राप्त करने देता है, और मतली और उल्टी जैसे दुष्प्रभावों को कम करता है।

2. डोपामाइन एगोनिस्ट: वे डोपामाइन के लिए मस्तिष्क में विकल्प के रूप में काम करते हैं और डोपामाइन रिसेप्टर्स पर सीधी क्रिया करते हैं। वे पार्किंसंस रोग के लक्षणों को ठीक करने के लिए लेवोडोपा की तरह प्रभावी नहीं होते। हालांकि, इनसे लेवाडोपा की तुलना में मांसपेशियों की समस्याएं होने की संभावना कम ही होती है और इनका उपयोग पार्किंसंस रोग के शुरूआती इलाज के लिए किया जाता है। प्रामिपेक्सोल, रोपिनीरोले, ब्रोमोक्रिप्टिन और कैबर्जोलिन इसके उदाहरण हैं।

3. मोनोमाइन ऑक्सीडेज-B (MAO-B) अवरोधक: ये मस्तिष्क में मोनोमाइन ऑक्सीडेज-B नामक एंजाइम को प्रभावी होने से रोकते हैं जो मस्तिष्क के डोपामाइन का उपापचय करता है या उसको भंग करता है। पार्किंसंस रोग के शुरूआती उपचार के लिए उन्हें लेवोडोपा के विकल्प के रूप में उपयोग किया जाता है। सेसिलीन और रासगिलीन इसके उदाहरण हैं।

4. कैटेचोल-ओ-मिथाइलट्रांसफेरेज़ (COMT)अवरोधक: वे कैटेचोल-ओ-मिथाइलट्रांसफेरेज़ (COMT) नामक एंजाइम को अवरूध्द करके लेवोडोपा के परिधीय व्यवधान को रोकते हैं। इस तरह परिधीय COMT अवरोधक के संयोजन से मस्तिष्क में लेवोडोपा की अवधि और प्रभाव बढ़ सकता है, और अक्सर लेवोपोडा की हल्की और कम खुराकों को लेने की आवश्यकता होगी। ये आमतौर पर पार्किंसन रोग के बाद के चरणों में लोगों के लिए निर्धारित की जाती हैं। एंटाकैपोन इसके उदाहरण में शामिल है।

5. एंटीम्यूसरिनिक्स: लेवोडोपा की तुलना में उनका पार्किंसन-रोधी प्रभाव कम होता है। ये कम्पन और जकड़न को कम करते हैं लेकिन ब्रैडीकिनेसिया पर बहुत कम प्रभाव डालते हैं। एंटीम्यूसरिनिक के अक्सर होने वाले दुष्प्रभाव में विशेष रूप से याददाश्त की खराबी है और यही कारण इनके उपयोग को सीमित कर सकता है। ऑर्फेनाड्रिन और बेंज़ट्रोपिन इसके उदाहरण हैं।

6. अमांटाडाइन: थोड़ी एंटीम्यूसरिनिक क्रिया के साथ यह एक कमजोर डोपामाइन एगोनिस्ट है। लेवोडोपा की तुलना में इसका पार्किंसंस-रोधी प्रभाव हल्का होता है। इसे हल्के, शुरूआती स्तर के पार्किंसंस रोग के लक्षणों में थोड़े समय की राहत पाने के लिए अकेले इस्तेमाल किया जा सकता है, और इसे लोवोडोपा द्वारा उत्प्रेरित अनैच्छिक गतिविधियों के नियंत्रण के लिए रोग के बाद के चरणों में लेवोडोपा थैरेपी के साथ भी दिया जा सकता है।

सामान्य दुष्प्रभाव और सावधानियां

पार्किंसंस-रोधक दवाएं	सामान्य दुष्प्रभाव	सावधानियां
1. लेवोडोपा	• मतली • उल्टी • हल्का सिरदर्द • उनींदापन • अनैच्छिक गतिविधियाँ • लंबे समय तक उपयोग से"चालू-बंद" प्रभाव [चलने में समर्थ(चालू) और चलने में असमर्थ(बंद) में अचानक बदलाव]	• गंभीर फेफड़ों या हृदय की बीमारी, मानसिक बीमारीयां (बिगड़ने पर बंद करें और गंभीर होने पर बचें), अंतः स्त्रावी विकार और आक्षेप या पेप्टिक अल्सर के इतिहास वाले मरीज सावधानीपूर्वक उपयोग करें • कोण-बंद मोतियाबिंद के लिए अतिसंवेदनशील मरीजों में और यकृत या गुर्दे की हानि में सावधानी के साथ उपयोग करें। • अचानक बंद करने से बचें • मरीज नींद लाने वाले प्रभावों के बारे में सचेत रहें और यदि प्रभावित हों तो गाड़ी या मशीनरी न चलायें
2. डोपामाइन एगोनिस्ट	• मतली • उल्टी • थकान • चक्कर आना • सूजन • अतिकामुक्ता, जुआ और खाने जैसे बाध्यकारी व्यवहार	• अंतर्विरोधी: ब्रोमोक्रिप्टिन अनियंत्रित उच्च रक्तचाप, गर्भावस्था की उच्च रक्तचाप की गड़बड़ियों, कोरोनरी धमनी की बीमारी के इतिहास या दूसरी गंभीर हृदय स्थितियों, या गंभीर मानसिक विकारों के इतिहास वाले मरीजों के लिए अंतर्विरोधी है। • उन बुजुर्गों में जो भ्रम या मतिभ्रम के प्रति अधिक संवेदनशील हैं सावधानी से प्रयोग करें। • एर्गोट-डेरिवेटिवस डोपामाइन-रिसेप्टर एगोनिस्ट जैसे ब्रोमोक्रिप्टिन और कैबर्जोलिन के साथ इलाज शुरू करने से पहले इकोकार्डियोग्राफी के साथ कार्डियक वाल्वुलोपैथी पर नियंत्रण करें। • मरीज को अचानक नींद आने के खतरे के बारे में चेतावनी दी जानी चाहिए और यदि प्रभावित हैं तो गाड़ी या मशीनरी न चलायें • कुछ मरीजों में निम्न रक्तचाप की प्रतिक्रिया हो सकती है और यदि प्रभावित हों तो गाड़ी या मशीनरी न चलायें
3. MAO-B अवरोधक	• मतली • सिरदर्द • पेट दर्द • मुँह का सूखना • पेट में गड़बड़ी	• अचानक बंद करने से बचें • लेवोडोपा के साथ उपयोग करने पर मतिभ्रम और मांसपेशी की समस्या का जोखिम बढ़ जाता है • कुछ किस्म की अवसाद-रोधक दवाओं के साथ नहीं लिया जाना चाहिए, क्योंकि दवाएं रक्त-चाप को

		खतरनाक स्तर तक बढ़ाने के लिए परस्पर क्रिया कर सकती हैं
4. COMT अवरोधक	• मतली • उल्टी • दस्त • पेट दर्द • अनैच्छिक गतिविधियों का जोखिम बढ़ना	• अचानक बंद करने से बचें • समवर्ती लेवोडोपा खुराक को कम करने की जरूरत हो सकती है • फियोक्रोमोसाइटोमा, न्यूरोलेप्टिक मैलिग्नेंट सिंड्रोम या रबडोमायोलिसिस के इतिहास वाले मरीजों में इसका उपयोग नहीं करना चाहिए • यकृत की खराबी वाले मरीजों में इसका उपयोग नहीं किया जाना चाहिए
5. एंटीम्यूसरिनिक्स	• चक्कर आना • मतली और उल्टी • कब्ज़ • तेज/अनियंत्रित दिल की धड़कन • मूत्र-अत्यावश्यकता और प्रतिधारण • धुंधलापन • मुँह का सूखना • चकत्ते	• बच्चों और बुजुर्गों में सावधानी के साथ उपयोग करें • हृदय रोग, प्रोस्टेटिक अतिवृद्धि, उच्च रक्तचाप, मानसिक विकार, पायरेक्सिया और कोण-बंद मोतियाबिंद के अतिसंवेदनशील मरीजों में सावधानीपूर्वक उपयोग करें। • यकृत या गुर्दे की दुर्बलता में सावधानी के साथ प्रयोग करें • मांसपेशी की कमजोरी और पेट की गड़बड़ी वाले मरीजों को नहीं दिया जाना चाहिए
6. अमांटाडाइन	• पेट की गड़बड़ी • अरुचि • मुँह सूखना • बेचैनी • सुस्ती • चक्कर आना • त्वचा पर बैंगनी धब्बे • टखने की सूजन • मतिभ्रम	• अचानक बंद करने से बचें, बुजुर्गों में सावधानी से उपयोग करें • हृदय रोग, भ्रमित या मतिभ्रम और यकृत की खराबी वाले मरीज सावधानीपूर्वक उपयोग करें • गर्भवती या स्तनपान करवाने वाली महिलाओं को इसका उपयोग नहीं करना चाहिए • मरीज नींद लाने वाले प्रभावों के बारे में सचेत रहें और यदि प्रभावित हों तो गाड़ी या मशीनरी न चलायें

ओरल पार्किंसन-रोधक दवाओं को लेने पर सामान्य सलाह

- दवाएं मरीजों की रोजमर्रा की जिंदगी की गुणवत्ता और गतिविधियों में सुधार करती हैं, चाहें वे पार्किंसन रोग को ठीक न कर पाती हों या न ही रोग को बढ़ने से रोक पाती हों।
- पार्किंसंस-रोधक दवाओं को आम तौर पर लंबी अवधि के लिए लेना आवश्यक होता है और बगैर डॉक्टर की सलाह के दवाओं को अचानक बंद करने से बचा जाना चाहिए।
- खुद की अच्छी देखभाल से मरीजों को अत्यधिक फायदा हो सकता है। स्वयं की देखभाल

में वे चीजें शामिल हैं जो आप अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने, बीमारी या दुर्घटनाओं को रोकने के लिए, और छोटी-मोटी बीमारियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए और दीर्घ-अवधि की स्थितियों जैसे नियमित व्यायाम और पर्याप्त आराम के साथ संतुलित आहार लेकर करते हैं।

- जो पार्किंसन-रोधक दवाएं आप ले रहें हैं, उनके नाम और खुराक को जानें। उनके संभावित दुष्प्रभावों को लेकर सचेत रहें।

अपने डॉक्टर के साथ संवाद

- पार्किंसन रोग के मरीजों को नींद न आने की समस्या हो सकती है। अपने डॉक्टर को बताएं अगर आपको दिन में थकान लग रही है और रात को नींद नहीं आ रही है।
- पार्किंसन-रोधक दवाएं दूसरी दवाओं पर परस्पर प्रभाव डाल सकती हैं। जो दवाएं आप ले रहें उनके बारे में अपने डॉक्टर को बताएं, इनमें काउंटर से ली गई दवाएं भी शामिल हैं, ताकि आपका डॉक्टर आकलन कर सके कि क्या एक पार्किंसन-रोधक दवा लेना आपके लिए सुरक्षित है।
- अपने डॉक्टर को अपने चिकित्सीय इतिहास के बारे में बताएं, क्योंकि कुछ बीमारियों में विशेष एहतियात बरतने की जरूरत हो सकती है।
- अपने डॉक्टर से बेहतरीन उपचार के विकल्प के लिए संवाद करें। आपका डॉक्टर आपकी स्थिति और दवाओं के प्रति आपकी प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए आपके लिए सबसे उचित दवाएं निर्धारित करेगा।
- यदि आप गर्भवती हैं या स्तनपान करवा रही हैं तो अपने डॉक्टर को बताएं क्योंकि कुछ किस्म की पार्किंसन-रोधक दवाएं गर्भवती या स्तनपान करवाने वाली महिलाओं को नहीं लेनी चाहिए।
- यदि आप किन्हीं लक्षणों या दुष्प्रभावों का अनुभव करें जो हो सकता है पार्किंसन-रोधक दवाएं लेने से हुए हों, तो तुरंत चिकित्सा परामर्श लें। आपका डॉक्टर आपकी दवाओं के प्रकार की समीक्षा करेगा।
- यदि आपके लक्षण बिगड़ गए हैं या आप जो उपचार ले रहे हैं उसको लेकर चिंता है तो चिकित्सीय परामर्श लें।

ओरल पार्किंसन-रोधक दवाओं का भंडारण

ओरल पार्किंसन-रोधक दवाओं को ठंडी और सूखी जगह पर रखना चाहिए। जब तक लेबल पर निर्दिष्ट न हो, दवाओं को रेफ्रीजरेटर में संग्रहित नहीं किया जाना चाहिए। इसके अलावा, बच्चों द्वारा दवाएँ निगले जाने के खतरे से बचने के लिए दवाओं को बच्चों की पहुँच से दूर उचित तरीके से रखा जाना चाहिए।

अभिस्वीकृति: औषधि कार्यालय व्यवसायिक विकास और गुणवत्ता आश्वासन (PD&QA) और बुज़ुर्ग स्वास्थ्य सेवा को इस लेख की तैयारी में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देना चाहता है।

दवा कार्यालय
स्वास्थ्य विभाग
जनवरी 2021